# जन्माष्टमी पर निकला भव्य श्रीकृष्ण जुलूस, उमड़ा आस्था का सैलाब



**भोपाल:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल में सुबह से ही धार्मिक उत्साह दिखाई दिया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बरखेड़ी स्थित अहीर यादव समाज के मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद जहांगीराबाद से शब्बन चौराहे तक जुलूस निकाला गया। जुलूस में राधा-कृष्ण की पीतल की प्रतिमाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस आयोजन में शामिल हुए। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में सहभागिता की।

# राधा-कृष्ण और बलराम बने बच्चों ने मनाई जन्माष्टमी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** गांधीनगर स्थित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शराफ विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा, कृष्ण और बलराम की आकर्षक वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण और भजनों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन विनम्रता, सच्ची मित्रता और कर्तव्य पालन का संदेश देता है। वैभवशाली होने के बावजूद सुदामा जैसे मित्र को गले लगाना उनकी महानता का उदाहरण है। शर्मा ने विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों से श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालयों में जन्माष्टमी पर्व मनाने के निर्देश के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में संतजी के शिष्य हीरो ज्ञानचंदानी ने धर्म के मार्ग पर चलते हुए कर्म करने की सीख दी। संस्था सचिव रमेश हिंगोरानी ने अतिथियों का सम्मान किया। प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राजू मीणा, खूबचंद भागचंदानी, कमलेश ग्वालानी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# सड़क पर मिट्टी फैलाना पड़ा महंगा, निर्माण कंपनी पर 10 हजार का जुर्माना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अशोका गार्डन स्थित 80 फीट रोड पर सड़क पर मिट्टी फैलाने वाले मेट्रो रेल कार्य से जुड़ी निर्माण कंपनी के ट्रक मालिक पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात जोन क्रमांक-9 के अमले को निरीक्षण के दौरान सड़क पर ट्रक से मिट्टी गिरने की जानकारी मिली। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। निगम टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को रोका और वाहन मालिक से जुर्माने की राशि वसूल की। मामले में संबंधित निर्माण कंपनी श्रीजी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि से नागरिकों को हुई असुविधा और निगम की सफाई व्यवस्था प्रभावित होने को लेकर लिखित क्षमा पत्र भी लिया गया। साथ ही भविष्य में सड़क पर गंदगी या निर्माण सामग्री फैलाकर आम लोगों को परेशानी न होने देने की हिदायत दी गई। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने या सफाई व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बड़ी झील लबालब

## भदभदा का खोला एक गेट...



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल की ऐतिहासिक बड़ी झील का जलस्तर फुल टैंक लेवल तक पहुंच गया है। जलस्तर 1666.80 फीट पर पहुंचने के बाद शुक्रवार शाम महापौर मालती राय ने निगम आयुक्त संस्कृति जैन की उपस्थिति में भदभदा बांध का गेट नंबर-6 विधिवत पूजा-अर्चना के बाद खोला।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों के अनुसार बड़ी झील का जलस्तर निर्धारित फुल टैंक लेवल पर बनाए रखने के लिए भदभदा बांध का एक गेट खोला गया है। गेट खोलने से पहले जिला प्रशासन, जल संसाधन विभाग, पुलिस, फायर ब्रिगेड सहित संबंधित विभागों को सूचना दी गई और प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षा के लिए सतर्क किया गया।

भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण कोलांस नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कोलांस नदी के माध्यम से बड़ी झील में पानी की आवक बढ़ने से जलस्तर तेजी से ऊपर पहुंचा। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखीं। गेट खोलने के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा और बृजुला सचान सहित निगम के अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी झील में आने वाले पानी को नियंत्रित करने के लिए वर्ष 1965 में भदभदा बांध का निर्माण किया गया था। बांध में कुल 11 गेट हैं। फुल टैंक लेवल से ऊपर जलस्तर पहुंचने पर सुरक्षा के दृष्टिगत गेट खोले जाते हैं। पिछले वर्ष 6 सितंबर को भी बड़ी झील का जलस्तर फुल टैंक लेवल पर पहुंचने के बाद भदभदा बांध का गेट खोला गया था। प्रशासन ने नागरिकों से जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने की अपील की है।

# भाई गुरप्रीत सिंह के जन्मदिन पर 19 को भजन संध्या



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** भाई गुरप्रीत सिंघ रिंकू वीरजी के जन्मदिन के अवसर पर अमृतवेला परिवार द्वारा 19 सितम्बर को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम रात्रि 9 बजे से अमृतवेला ट्रस्ट सेंटर, श्री मां आनंदमई आश्रम, ओल्ड डेयरी फार्म रोड, बैरागढ़ में होगा। कार्यक्रम में कटनी की बालक मंडली के भाई दिलीप उदासी और भाई गोरधन उदासी भजनों की प्रस्तुति देंगे। ट्रस्ट के सेवादार धीरज टिलवानी ने बताया कि जन्मदिन को मानव सेवा और समाजहित के कार्यों के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा।

## मित्तल के निधन पर शोक व्यक्त

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। डॉ. यादव ने कहा कि समाज और राष्ट्रहित के लिए समर्पित स्व. जगदीश मित्तल का जीवन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगत को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## डॉ. भारती की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हिंदी साहित्य के महान लेखक, चिंतक एवं संवेदनशील रचनाकार डॉ. धर्मवीर भारती की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।
डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भारती ने उनकी रचना 'गुनाहों का देवता', 'अंधा युग' और 'कनुप्रिया' जैसी कालजयी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने हिंदी साहित्य को नई संवेदना, विचार और अभिव्यक्ति प्रदान की। उनका साहित्य मानवीय मूल्यों और जीवन की गहरी अनुभूतियों का सशक्त प्रतिबिंब है।

# हबीबगंज फ्लाईओवर मामले में कंपनी को राहत, ब्लैकलिस्टिंग पर लगी रोक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के हबीबगंज रेलवे स्टेशन के सामने बने फ्लाईओवर की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के रवैये पर नाराजगी जताई है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही फ्लाईओवर के रखरखाव के लिए जारी नए टेंडर की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी गई है।

कोर्ट ने कहा कि फ्लाईओवर में मिली कमियों को दूर करना ठेकेदार की रखरखाव अवधि की जिम्मेदारी है और कंपनी को यह कार्य बिना अतिरिक्त भुगतान के करना होगा। ऐसे में सरकार द्वारा 4.69 करोड़ रुपये का नया रखरखाव टेंडर जारी किए जाने पर सवाल उठाया गया।

वीवायएससी इन्फ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड ने सितंबर 2020 में हबीबगंज रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाईओवर का निर्माण शुरू किया था। वर्ष 2025 में कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया था। फ्लाईओवर की रखरखाव और वारंटी अवधि दिसंबर 2029 तक है।

याचिका के अनुसार 30 जुलाई को लोक निर्माण विभाग की टीम ने फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में कुछ कमियां मिलने पर कंपनी को तीन दिन में उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई शुरू की गई। विभाग ने फ्लाईओवर की गुणवत्ता को लेकर 17 बिंदुओं पर सवाल उठाए थे।

## कैलारस शुगर फैक्ट्री फिर शुरू होगी, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैलारस शुगर फैक्ट्री को पुनः प्रारंभ कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को उनकी उपज का बेहतर लाभ मिल सकेगा। उन्होंने मुरैना में दुग्ध समितियों के माध्यम से दूध संग्रहण बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि के प्रयास करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सीहोर से मुरैना कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले की प्रत्येक नगर पंचायत में गीता भवन का निर्माण कराया जाएगा, जबकि जिले के एक विकासखंड में वृंदावन भवन भी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# मध्यप्रदेश ग्रीन और क्लीन एनर्जी में बना रहा नई पहचानः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश अब केवल ग्रीन स्टेट के रूप में ही नहीं, बल्कि ग्रीन और क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में भी नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं और सरकार इन्हें चरणबद्ध तरीके से विकसित कर रही है।

मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में शुक्रवार को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड और एशियन डेवलपमेंट बैंक के बीच तीन महत्वपूर्ण नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजरी सर्विसेस एग्रीमेंट के तहत समझौता ज्ञापन हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे प्रदेश में स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा व्यवस्था विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एडीबी तीन नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आरयूएमएसएल को निःशुल्क तकनीकी सलाहकारी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इससे दीर्घकालीन निवेश को बढ़ावा मिलेगा और ग्रिड स्थिरता, नवकरणीय ऊर्जा के समावेशन तथा पीक डिमांड मैनेजमेंट को मजबूती मिलेगी। समझौते के तहत पीएम सूर्य सरोवर योजना में ओंकारेश्वर क्षेत्र में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं को विकसित करने की तैयारी की जा रही है। यहां 278 मेगावाट के ओंकारेश्वर फेज के साथ अतिरिक्त जलाशय क्षेत्र में 300 मेगावाट क्षमता विकसित करने की संभावनाएं हैं।

# सेवारत शिक्षकों की टीईटी को लेकर शिक्षक संघ ने उठाईं मांगें

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर के नेतृत्व में शिक्षक हितों से जुड़ी मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा और आयुक्त लोक शिक्षण को ज्ञापन सौंपे थे। इसी क्रम में शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राठौर ने शुक्रवार को परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से दूरभाष पर चर्चा कर सेवारत शिक्षकों के लिए आयोजित होने वाली टीईटी परीक्षा की विसंगतियों को लेकर विस्तृत बातचीत की। इसके बाद मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने परीक्षा के लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 18 सितंबर कर दी है। वहीं आवेदन में सुधार के लिए 20 सितंबर तक का समय दिया गया है।

# कट मारने के विवाद में भिड़े युवक, मारपीट

**ऑटो और बाइक की टक्कर के बाद आधा दर्जन युवकों से भीड़ ने की मारपीट**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में 80 फीट रोड पर देर रात ऑटो और बाइक की टक्कर के बाद विवाद हो गया। बाइक सवार युवकों और ऑटो चालक के बीच हुई कहासुनी ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार ऑटो चालक अदनान उर्फ अयान खान पर बाइक को कट मारने का आरोप है। बाइक सवार अभिषेक ठाकुर के पीछे बैठे उसके दोस्त को चोट लगने के बाद विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि अभिषेक और उसके साथियों ने ऑटो चालक को सड़क पर रोककर मारपीट की। वहीं, मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि ऑटो चालक की गलती नहीं थी। युवकों ने गलत दिशा से आकर ऑटो को टक्कर मारी थी। इसके बाद उन्होंने ऑटो चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, लोगों ने पहले युवकों को ऑटो चालक के साथ मारपीट करते देखा। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने युवकों को पकड़ लिया और उनकी पिटाई शुरू कर दी। देखते ही देखते करीब आधा दर्जन युवकों के साथ मारपीट होने लगी।

अशोका गार्डन थाना पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। किसी भी पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराने से इनकार कर दिया। दोनों पक्षों ने लिखित समझौता कर लिया और कार्रवाई नहीं करने की बात कही। सड़क पर हुई इस घटना से कुछ देर के लिए 80 फीट रोड पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई।

# तीन हजार के इनामी आरोपी लम्बू को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** निशातपुरा पुलिस ने डेयरी की आड़ में कथित तौर पर गोकशी करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन हजार रुपये के इनामी आरोपी लम्बू उर्फ नफीस को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 17 जुलाई 2026 को सामने आए मामले के बाद से फरार था। पुलिस उसकी तलाश तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से कर रही थी। पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को लखन यादव की सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने कार्रवाई करते हुए मौके से अजीज और उसके बेटे आसिफ को पकड़ा था। घटनास्थल पर खड़े सीएनजी ऑटो से एक मृत गाय का शव बरामद किया गया था। इस मामले में निशातपुरा थाने में अपराध क्रमांक 652/2026 दर्ज किया गया था। प्रकरण में अजीज खान, आसिफ, अनीस, जुबेर और इकराम कुरैशी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# श्रद्धा-पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई शीतला सप्तमी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** सिंधी समाज की महिलाओं ने शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि, बच्चों की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए शीतला माता की पूजा-अर्चना की। मान्यता के अनुसार शीतला माता की आराधना से परिवार को रोगों के प्रकोप से रक्षा मिलने की कामना की जाती है। पंडितों ने विधि-विधान से माता की पूजा कराई। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक सिंधी गीत गाकर धार्मिक वातावरण बनाया। पूजा में मक्खन, मीठी कोकी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यंजन अर्पित किए गए। शीतला सप्तमी की विशेष परंपरा के तहत एक दिन पहले बनाए गए ठंडे और बासी पकवानों का सेवन किया जाता है। इन पकवानों को बहन-बेटियों और मंदिरों में भी भेजने की परंपरा है। पूजा के बाद पल्लव के माध्यम से परिवार के सदस्यों और बच्चों की लंबी आयु, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की गई। सिंधी महिला पंचायत की अध्यक्ष किरण वाधवानी ने अन्य सदस्यों के साथ कैलाश पंडित के निवास पहुंचकर शीतला माता की पूजा-अर्चना की।




## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर

E-Mail:- sdoftsehore@mp.gov.in, Mob. No. 9424790851

क्रमांक 2021 | सीहोर/दिनांक/ 1/09/2026

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध प्रकरण में निम्नानुसार वाहन अवैध सागौन इमारती वनोपज परिवहन एवं अतिक्रमण करते हुए मध्य प्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) 15,16 भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52,41 एवं 26 (1) क के अन्तर्गत जप्त किये गये हैं। कुछ प्रकरणों में वाहन मालिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के उपरान्त भी वे उपस्थित नहीं हो रहे हैं। प्रकरण ज्ञात अज्ञात में पंजीबद्ध हुये हैं। अतः विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर प्राधिकृत अधिकारी एवं उपवनमंडलाधिकारी उपवनमंडल (सामान्य) सीहोर के कार्यालय में उपस्थित होकर जप्त वाहन में हित/हक रखने वाले अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रकरण में जप्त वाहन को राजसात करने की एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी, प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमांक/दिनांक | वाहन का विवरण | वाहन का पंजीयन क्रमांक | वाहन मालिक/ आरोपी का नाम/पता | अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | इछावर | 42295/18, 20.08.2026 | मोटर साइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस। | बिना नम्बर,चेचिस, इंजन अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | ग्राम दिवड़िया हिम्मतपुरा मार्ग चौराहे पर मोटर साइकिल द्वारा सागौर इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त। |
| 2 | इछावर | 42756/01 24.08.2026 | मोटर साइकिल हीरो एच. एफ. डीलक्स। | बिना नम्बर,चेचिस, इंजन अस्पष्ट | अज्ञात | सागौन इमारती चरपट का अवैध परिवहन। | हिम्मतपुरा से उमरखाल की ओर कच्चे रास्ते पर मोटर साइकिल द्वारा सागौर इमारती चरपट का अवैध रूप से परिवहर करते हुए जप्त। |

(कृतिका जायसवाल), प्राधिकृत अधिकारी
उपवनमंडलाधिकारी (सामान्य) सीहोर

जी-18163/26